तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



10 प्रभारी प्राचार्य अजय जायसवाल एवं व्याख्याता...





10 भजन कीर्तन के साथ धूमधाम से निकाली...




## खबर संक्षेप

### शराब बेच रही महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब बेच रही एक महिला के खिलाफ सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि पुष्प वाटिका के बगल सीसी रोड वार्ड नं 02 बीरेंद्र नगर सरायपाली में एक महिला अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही है। मौके पर पहुंचकर महिला के कब्जे कुल 20 लीटर हाथभट्ठी शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ट्रक से टकराकर बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम नारायणपुर के पास खड़े एक ट्रक से टकरा जाने से बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक रामचरण यादव पिता दशरथ यादव (53 साल) केंवटापाली पोस्ट बरोली थाना बसना 13 जून को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीए 9994 में अपने दामाद के घर ग्राम सांकरा गया था और अपनी भतीजी आरती यादव को छोड़कर शाम को वापस अपने घर केंवटापाली जा रहा था। शाम करीबन 7.30 बजे एनएच 53 रोड में ग्राम नारायणपुर के पास रोड में खड़े ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 07 बीएस 4795 से उसकी बाइक टकरा गई और गंभीर चोट आने से नारायण की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 285, 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**पर्व विशेष :** रथयात्रा का शुभारंभ शहर के राम मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चार, श्रद्धालुओं को किया गया प्रसाद वितरण

# महाप्रभु ने दिए जन को दर्शन, जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भगवान श्री जगन्नाथ की वार्षिक रथयात्रा गुरुवार को शहर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। स्नान पूर्णिमा के बाद 15 दिनों तक अस्वस्थ रहने की परंपरा पूर्ण होने के पश्चात भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा भव्य सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देने निकले। भगवान के नगर भ्रमण के साथ पूरा शहर 'जय जगन्नाथ' के जयघोष, भजन-कीर्तन और धार्मिक उल्लास से गूंज उठा।





रथयात्रा का शुभारंभ शहर के राम मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ रथ का पूजन किया। इसके बाद हजारों श्रद्धालुओं को रथ को खींचने का सौभाग्य मिला। रथयात्रा गांधी चौक, नेहरू चौक, स्वामी चौक और अंबेडकर चौक से होकर भगवान की मौसी के घर पहुंची, जहां विशेष पूजा-अर्चना और भोग अर्पित किया गया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर भगवान का भव्य स्वागत किया गया। कई स्थानों पर पेयजल, शरबत और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई। रथयात्रा के दौरान महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ पड़े। श्रद्धालु पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन करते हुए भगवान के जयकारे लगाते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### सुबह से ही दर्शन के लिए उमड़े श्रध्दालुजन

राम मंदिर में गुरुवार सुबह से ही भगवान जगन्नाथ के दर्शन का पुण्य लाभ अर्जित करने लोग मंदिर पहुंचने लगे। लोगों ने यहां गजामूंग का प्रसाद प्रभु को अर्पित किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान जगन्नाथ की यह रथयात्रा भक्तों को सुलभ दर्शन देने का पर्व है। जो श्रद्धालु मंदिर नहीं पहुंच पाते, उन्हें स्वयं भगवान नगर भ्रमण कर दर्शन देते हैं। इसी कारण रथयात्रा का धार्मिक महत्व अत्यंत विशेष माना जाता है। शहर में निकली यह भव्य रथयात्रा श्रद्धा, आस्था और सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण बनी, जिसमें शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर भगवान जगन्नाथ से सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



### यातायात की अव्यवस्था

रथयात्रा के दौरान प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा और यातायात की व्यापक व्यवस्था की गई थी। प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे रथयात्रा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। लेकिन, इस दौरान शहर के अन्य मार्गों में ट्रैफिक बढ़ने से भीतरी मार्गों के व्यापारी खासे परेशान रहे। सड़कों के सामने खड़ी कर दी वाहनें और घंटों लगा जाम परेशानी का सबब बना रहा।

# पूर्व विधायक के बेटे से आमिर खान ने की मारपीट

## उधार दी गई रकम वापस मांगने पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक के बेटे ने उधार दी गई रकम वापस मांगी तो आरोपी युवक



ने मारपीट कर दी। मामले में शिकायत के बाद संबंधित युवक आमिर खान के खिलाफ कोतवाली थाना में अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अंकित नंद पिता किस्मतलाल नंद निवासी वर्धमान नगर से साल 2025 में आमिर खान ने 30 हजार रुपए लिए थे। लेकिन, वह रकम वापस करने में टालमटोल कर रहा था। जब उसने 15 जुलाई को आमिर खान के पास उसके मुन्ना बिरयानी सेंटर करीबन 1 बजे पहुंचकर रकम वापस करने कहा, तब आमिर खान ने गाली गलौज कर हाथ मुक्का से प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पूर्व विधायक के पुत्र अंकित नंद की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।










# प्रभारी प्राचार्य अजय जायसवाल एवं व्याख्याता कमलेश साहू को मिला राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के बैनर तले रायपुर के विमतारा में आयोजित स्व. हरिवंश मिश्र शिक्षक सम्मान समारोह 2026 में शासकीय हाई स्कूल रोहिना विखं बसना के प्रभारी प्राचार्य अजय जायसवाल एवं व्याख्याता कमलेश साहू को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया।

अजय जायसवाल एवं कमलेश साहू को यह सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी एवं शिक्षा अंजोर भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा के हाथों स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। व्याख्याता जायसवाल एवं साहू द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधियों को संचालित करने



एवं स्थानीय व बोर्ड परीक्षा में लगातार शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने के लिए सम्मान प्राप्त हुआ है। कमलेश साहू लेखन कार्य के साथ-साथ रोवर लीडर के रूप में भी अपना योगदान देते आ रहे हैं।

प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में विद्यालयीन पत्रिका बढ़ते कदम का लगातार दूसरे वर्ष प्रकाशित किया गया है। विद्यालय में पर्यावरण सुरक्षा के प्रति विशेष जन जागरुकता अभियान चलाने के लिए जाना जाता है। स्कूल परिसर को हरा भरा करने के लिए स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विशेष पौधरोपण अभियान चला रहे हैं। साथ में जन सहयोग से छात्रों के लिए हाउस ड्रेस, जूता मौजा, पानी, बॉटल, आई कार्ड आदि की व्यवस्था कर सुंदर शैक्षिक वातावरण तैयार किया जा रहा है। कमलेश साहू को शिक्षा सत्र 2025 26 के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत शिक्षाश्री का सम्मान प्राप्त हुआ है।

# एनएलसीआईएल मंडल के स्वतंत्र निदेशक बने पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोयला मंत्रालय/मिनिस्ट्री ऑफ कोल नई दिल्ली के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, कुड्डालोर जिला, नेवेली तमिलनाडु के अनुसार एनएलसी इंडिया लिमिटेड द्वारा बोर्ड में गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में पूर्व संसदीय सचिव पूनम चंद्राकर की नियुक्ति की गईं है।



मिली जानकारी के अनुसार एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) के आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के अनुसार पूनम चंद्रकार को एनएलसीआईएल के निदेशक मंडल में गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में (03) तीन वर्ष की अवधि के लिए उनकी नियुक्ति की अधिसूचना की तिथि से या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, नियुक्त करने के लिए राष्ट्रपति की स्वीकृति देने का निर्देश दिया गया है। इस आशय की जानकारी अरिक बसु रॉय चौधरी अनुभाग अधिकारी (स्थापना) कंपनी सचिव एनएलसीआईएल, अमन कुमार सिन्हा अवर सचिव कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग लोक उद्यम विभाग 14 सीजीओ कांप्लेक्स लोदी रोड नई दिल्ली को दे दी गईं है।



## श्रीराम टोली परिवार ने किए प्रभु जगन्नाथ के दर्शन

**महासमुंद।** हम सबका श्रीराम टोली परिवार ने ब्रह्म मुहूर्त में प्रभातफेरी निकाली और प्रभु जगन्नाथ का श्रीराम जानकी मंदिर में जाकर रथयात्रा महापर्व पर भजन कीर्तन किया। टोली के प्रभारी शरद मराठा ने बताया कि पिछले 3 साल से ब्रह्म मुहूर्त में भजन कीर्तन करते आ रहे है और ये सेवा आगे भी जारी रहेगी। इस अवसर पर सदस्यगण राजू यादव, शशि सिन्हा, उपमा ठाकुर, भारती साहू, कैलाशबेन पटेल, तुलसी ठाकुर, भोलाराम, राजेश ठाकुर, डा. सुमित साहू, नमन, मोहित, शारदा साहू आदि शामिल रहे।



# रथयात्रा में श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुए सभापति प्रकाश

**बसना।** नगर के कृषि उपज मंडी परिसर एवं अंकोरी में आयोजित भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी प्रकाश सिन्हा श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जय जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन एवं भक्तिमय वातावरण से पूरा क्षेत्र श्रद्धा और उल्लास से सराबोर रहा। प्रकाश सिन्हा ने श्रद्धालुओं के साथ रथ के दर्शन किए तथा आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा हमारी सनातन संस्कृति, आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार आरके दास, गोपेश डड़सेना, भाजयुमो अध्यक्ष आकाश सिन्हा, राहुल चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

# रथयात्रा महोत्सव पर विधायक ने किया भगवान जगन्नाथ का दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पावन रथयात्रा महोत्सव पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपनी धर्मपत्नी प्रिया सिन्हा के साथ स्थानीय राम मंदिर में भगवान जगन्नाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की एवं भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा का दर्शन कर क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा भारतीय संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व सभी को प्रेम, सद्भाव, सेवा और मानवता का संदेश देता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को रथयात्रा महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं से विधायक ने आत्मीय भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में एकता और भाईचारे की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता अरविंद प्रहरे, राजेंद्र चंद्राकर, दिनेश रूपरेला, शरद मराठा, अभिषेक पांडे सहित श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



## रथयात्रा का फूल माला से किया स्वागत

*महासमुंद। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का फूल माला से भाजपा शहर मंडल द्वरा स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा अनुसूचित जाति प्रदेश मंत्री अरविंद प्रहरे, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, भाजपा शहर महामंत्री अग्रज शर्मा, पार्षदगण पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर, शहर मंडल कोषाध्यक्ष हिमांशु चंद्राकर, शरद मराठा, रमेश साहू, नईम खान, रमेश्वर पटवा, गुड़डा सिन्हा, जितेंद्र साहू, संदीप चंद्राकर गौरव राठी आदि मौजूद रहे।*

# भजन कीर्तन के साथ धूमधाम से निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

## रथ शोभायात्रा में जनसैलाब, बारिश के बूंदों के साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए उमड़ पड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की रथ शोभायात्रा गुरुवार को आस्था और उल्लास के साथ धूमधाम से निकाली गई। राम जानकी मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व देवी सुभद्रा को प्रातः शुभ मुहूर्त में शाही स्नान कराकर मुकुट, मोर पंख, रंगबिरंगे, आभूषणों, श्रृंगार से सजाया गया। साथ ही भक्तों द्वारा रथ को भी आकर्षक का केंद्र बनाया गया।

रामजानकी मंदिर के पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज ने बताया कि आज से भगवान जगन्नाथ लोक कल्याण के लिए भ्रमण यात्रा पर निकले हैं। वह अपने भक्तों से मिलेंगे। उनकी झलक प्राप्त करने वालों को भगवान की कृपा प्राप्त होती है। भगवान अपने भक्तों की पीड़ा हरने के लिए पृथ्वी पर आए थे। विधि विधान से परंपरागत भगवान के रथ को खींचने से जीवात्मा को मुक्ति मिलती है। भगवान जगन्नाथ रथ शोभायात्रा का शुभारंभ शाम




4 बजे भजन कीर्तन के साथ रथ में विराजित भगवान की यात्रा ग्राम भ्रमण के लिए निकली गई। महिलाओं ने रथ यात्रा स्वगत के लिए आंगन में रंगोली सजाई। जगह जगह पूजा आरती व पुष्प से स्वागत कर श्रीफल भेंट किया। शोभायात्रा मेन चौक से होकर गाजे बाजे व भजन कीर्तन के साथ निकाली गई।

राम जानकी मंदिर चौक से होते हुए साहू पारा से बाजार चौक में भक्तों का जनसैलाब बारिश के बूंदों के साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए टूट पड़ा। मेला स्थल से गुजरने पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कई भक्तों ने परंपरागत ढंग से रुमाल देकर प्रसाद पाया। भक्ति गीतों पर पुरूष के साथ महिलाएं व बच्चे भी उत्सव मनाते नजर आए। भगवान जगन्नाथ, उनकी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के रथ खींच कर भक्त में पुण्य के भागी बने। हरे कृष्ण, हरे राम, जय जय श्रीराम, भगवान जगन्नाथ की जय के भक्तिमय गीत गूंजायमान रहा। भगवा धारी सनातन वैदिक धर्म के सदस्यों ने पद प्रदर्शन किया। रात्रि 8 बजे रथ को विश्राम गृह के लिए ग्राम के भक्त के निवास में रखा गया है।

# जगदीशपुर पंचायत में शिकायत पर नया मोड़ः 13 में से 12 पंच सरपंच के समर्थन में आए, शिकायत को बताया तथ्यहीन

**बसना।** ग्राम पंचायत जगदीशपुर में सरपंच पति के विरुद्ध की गई शिकायत को लेकर नया घटनाक्रम सामने आया है। पंचायत के कुल 13 पंचों में से 12 पंचों ने संयुक्त रूप से कलेक्टर महासमुंद को हस्ताक्षरित तथ्यात्मक प्रतिवेदन सौंपते हुए शिकायत में लगाए गए आरोपों का खंडन किया है। पंचों का कहना है कि शिकायत में लगाए गए आरोप तथ्यहीन, निराधार तथा वास्तविक परिस्थितियों के विपरीत हैं।

प्रतिवेदन में बताया गया है कि ग्राम पंचायत में स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य की जानकारी पंचायत सचिव द्वारा पंचायत बैठक में सभी पंचों के समक्ष रखी गई थी। निर्माण कार्य के स्थान का भी प्रस्ताव बैठक में रखा गया था, जिस पर उपस्थित पंचों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया था। ऐसे में किसी पंच को जानकारी नहीं होने का आरोप पूरी तरह असत्य बताया गया है। पंचों ने सरपंच पति द्वारा पंचायत संचालन किए जाने के



विषय- ग्राम के कार्य में सरपंच पति की मनमानी के संबंध में।
महोदय,
[illegible]
धन्यवाद।
दिनांक 7-7-2026
आवेदक
ग्रामवासी एवं समाज सेविका
जगदीशपुर

आरोपों को भी खारिज किया है। उनका कहना है कि पंचायत का संचालन निर्वाचित सरपंच द्वारा किया जाता है। सरपंच पति केवल आवश्यक सहयोग करते हैं और पंचायत के निर्णयों में कोई अवैध हस्तक्षेप नहीं करते।

सीसी रोड निर्माण में अनियमितता के आरोपों पर भी पंचों ने कहा कि निर्माण कार्य तकनीकी स्वीकृति एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है। प्रतिवेदन के अनुसार निर्माण स्थल पर आवश्यक बेस कार्य पूरा किया जा चुका है और निर्माण गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है। संयुक्त प्रतिवेदन में यह भी कहा गया है कि शिकायत व्यक्तिगत द्वेष की भावना से प्रेरित प्रतीत होती है और इससे ग्राम पंचायत की छवि धूमिल हो रही है। पंचों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि 7 जुलाई 2026 को प्रस्तुत शिकायत को निरस्त किया जाए। गौरतलब है कि इससे पहले ग्राम के एक निवासी ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर सरपंच पति पर मनमानी और सीसी रोड निर्माण में अनियमितता के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। अब 12 पंचों के संयुक्त प्रतिवेदन के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।

# विवाह समारोह के साथ बैक्वेट हॉल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन गंगरेल स्थित बरदिहा लेकव्यू रिसार्ट में शहर के सबसे बड़े एवं अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशन्ड बैक्वेट हॉल की सॉफ्ट ओपनिंग गोयल परिवार के भव्य विवाह समारोह के साथ गरियामय वातावरण में हुई। इस अवसर पर बैक्वेट हाल की आकर्षक सजावट व लाइट डेकोरेशन किया गया। बैक्वेट हाल के विशाल वातानुकूलित परिसर में आधुनिक इंटीरियर, पर्याप्त पार्किंग, उत्कृष्ट केटरिंग एवं विश्वस्तरीय आतिथ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विवाह रिसेप्शन, कार्पोरेट मीटिंग, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए धमतरी एवं आसपास के क्षेत्र के लिए एक प्रमुख आयोजन स्थल के रूप में उभरा है।

रिसार्ट प्रबंधन तथा जनरल मैनेजर सुमन्त सिंह ने बताया कि बरदिहा लेकव्यू रिसार्ट का उद्देश्य प्राकृतिक सौंदर्य के बीच विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ यादगार आयोजन का अनुभव प्रदान करना है। गोयल परिवार के





विवाह समारोह के साथ शानदार शुरूआत ने बैक्वेट हॉल की भव्यता, उत्कृष्ट व्यवस्थाओं एवं आतिथ्य की नई पहचान स्थापित की है।

## राम मंदिर चंदा चोरी पर कांग्रेस की प्रेस कांफ्रेंस

# कांग्रेस नहीं करती है भगवान राम के नाम पर राजनीति : शैलेष

- भाजपा को बताया कालनेमी, कांग्रेस को हनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



गुरुवार को राजीव भवन में पाठयपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं रायपुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेष नितिन त्रिवेदी ने प्रेस कांफ्रेंस ली। उन्होंने अयोध्या के राममंदिर में चंदा चोरी के मामले पर कहा कि कांग्रेस राम नाम की राजनीति नहीं करती है। उन्होंने भाजपा को कालनेमी तथा कांग्रेस को हनुमान बताया। श्री त्रिवेदी ने कहा कि भगवान राम के नाम पर जुटाया गया चंदा बीजेपी, आरएसएस की राजनीति लूट का शिकार हो गया है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम करोड़ों भारतीय की आस्था, संस्कृति और नैतिक चेतना के प्रतीक हैं। देश के कोने-कोने से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं और श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई, अपने गहने, अपनी बचत और श्रद्धा लेकर राम मंदिर निर्माण के लिए आगे आए। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिन्दू परिषद और संघ परिवार के संगठनों ने लगभग 3 दशक तक भगवान राम के नाम पर राजनीति की। देश के गरीब व मध्यम वर्ग से राम के नाम पर चंदा एकत्र किया और इसी आंदोलन के आधार पर सत्ता प्राप्त की।

# बस और हाइवा में भिड़ंत कंडक्टर सहित यात्री घायल

**धमतरी।** नेशनल हाइवे में बस और हाइवा में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में बस कंडक्टर व एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बस के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार मनीष ट्रेव्हल्स की बस क्रमांक सीजी 07 सीक्यू 4300 बुधवार की रात्रि रायपुर से जगदलपुर जाने के लिए निकली थी। बस धमतरी से भी यात्रियों को बिठाकर नेशनल हाइवे से होते हुए जगदलपुर जा रही थी। बस पुट्टु ढाबा के आगे स्थित पुलिया को पार कर आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान विजय राइस मिल के सामने से आ रहा हाइवा क्रमांक सीजी 05 एबी 5628 अचानक मिल की तरफ मुड़ गया जिससे सामने से आ रही यात्रियों से भरी बस हाइवा से टकरा गई।

## खबर संक्षेप

### होटल में मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली के एक होटल में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ के ग्राम सहसपानी का बंशीलाल कोसले 15 जुलाई को अपने गांव के कमल पटेल, समारू उरांव के साथ सरायपाली न्यायालय काम से आया था। काम पूरा होने के बाद वे तीनों शाम चार बजे साहू होटल सागरपाली में नास्ता करने के लिए रूके, जहां उनके गांव का डोलामणि यादव पहले से बैठा था। जब उन्होंने डोलामणि से नास्ता करने के लिए पूछा तब उसने प्रार्थी बंशीलाल कोसले के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पत्थर से सिर में मार दिया। रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बीएससी प्रावीण्य सूची में सातवें स्थान पर रही कुसुम

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको की बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा कुसुम साहू ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा जारी मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल 2025 परिणाम की प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सातवां स्थान प्राप्त किया है।



कुसुम, ग्राम चिरको निवासी कृपा राम साहू की सुपुत्री है। छात्रा की इस उपलब्धि से महाविद्यालय प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं में हर्ष का माहौल है। छात्रा कुसुम ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, महाविद्यालय के प्राचार्य एचएल दीवान और अपने शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन व कड़ी मेहनत को दिया है। उन्होंने बताया कि निरंतर अध्ययन और शिक्षकों के सहयोग से ही वह इस मुकाम तक पहुंच पाई है। कुसुम की इस सफलता पर हर्ष जताते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य एचएल दीवान ने कहा कि उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थी प्रोत्साहित होंगे। कुसुम विद्यालय स्तर से ही एक अत्यंत होनहार और अनुशासित छात्रा है। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके परिवार को बल्कि हमारे पूरे संस्थान को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन और समस्त स्टाफ ने भी हर्ष जताया है।

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन के लिए आवेदन 24 तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत धमतरी जिले से 5 अगस्त से 11 अगस्त तक द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर मंदिर यात्रा भेजा जाना है। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि धमतरी जिले के 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजन आवेदन प्राप्त कर आवेदन में चाहे गए दस्तावेज जैसे वर्तमान चिकित्सकीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि पूरी कर 24 जुलाई तक आवेदन संबंधित जनपद पंचायत और नगरीय निकायों में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### दुष्कर्म के आरोपी को मिली 20 वर्ष की कठोर सजा

**धमतरी।** महिला एवं बाल अपराधों के विरूद्ध पुलिस की प्रभावी कार्रवाई एवं उत्कृष्ट विवेचना के परिणामस्वरूप पाक्सो एक्ट प्रकरण में न्यायालय ने आरोपी को कठोर सजा दिलाई है।



पुलिस के अनुसार अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वारा 13 जुलाई 2026 को पारित निर्णय में आरोपी किशन यादव पिता रमतूराम 19 वर्ष ग्राम पावद्वार थाना सिहावा को धारा 332 एवं धारा 64/2 बीएनएस तथा धारा 6 पाक्सो एक्ट के अपराध में दोषी सिद्ध पाया गया। न्यायालय ने आरोपी को धारा 332 बीएनएस अंतर्गत 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदंड से दण्डित किया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर 3 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। इसके अतिरिक्त धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी किशन यादव को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया।

## खबर संक्षेप

### विश्व युवा कौशल दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में विश्व युवा कौशल दिवस पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं कौशल उन्नयन को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विविध कौशल का प्रदर्शन किया सुनिधि ने गीत प्रस्तुत किया, तनीषा, भीगी, एंजेल एवं विद्या ने नृत्य प्रस्तुत किया वैष्णवी ने केशियो पर धुन प्रस्तुत किया। आयुष ने आर्ट एंड क्राफ्ट में स्केच प्रदर्शन किया। प्राचार्य एम निवासन राव ने आत्मनिर्भरता, रोजगारोन्मुख शिक्षा, डिजिटल तकनीक, संचार कौशल तथा व्यावसायिक शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल विकसित करने तथा बदलते समय के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाषण, पोस्टर निर्माण, प्रश्नोत्तरी तथा समूह चर्चा जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा में एचपीवी विशेष टीकाकरण सत्र का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

सीएमएचओ डॉ आई नागेश्वर राव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ अरविंद गुप्ता, बीएमओ बागबाहरा डॉ बीएस बढ़ई, बीपीएम हेमकुमार सोनकर के मार्गदर्शन में ब्लॉक बागबाहरा में एचपीवी विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र नर्रा में 16 जुलाई गुरुवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) विशेष टीकाकरण सत्र का आयोजन किया गया। इस विशेष टीकाकरण सत्र का उद्देश्य पात्र किशोरियों को एचपीवी संक्रमण से सुरक्षा प्रदान कर भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर के जोखिम को कम करना है। खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी ने जानकारी दिया कि सत्र के दौरान निर्धारित आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं का टीकाकरण किया गया तथा अभिभावकों एवं समुदाय के लोगों को एचपीवी टीके के महत्व, सुरक्षा एवं लाभों के संबंध में स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपस्थित हितग्राहियों से अपील कि सभी पात्र बालिकाएं समय पर एचपीवी टीका अवश्य लगवाएं और इस जनहितकारी अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। यह विशेष टीकाकरण सत्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संचालन में हाई स्कूल नर्रा के प्राचार्य भूपेंद्र पढ़ियार, व्याख्याता कामता प्रसाद साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोमाखान के आरएमए आशुतोष बंजारे, सेक्टर पर्यवेक्षक नरेश कुमार साहू, सोनिका दास, आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा के आरएचओ डिलेश्वरी परमार, डिगेंद्र परमार, क्षेत्र की सभी मितानिनों का अहम योगदान रहा।

# धान के बदले दलहन-तिलहन को बढ़ावा देने जिला प्रशासन का विशेष अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में कृषि को अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं जल संरक्षण आधारित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा उच्चहन (ऊंची) भूमि में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, रागी, मक्का, कपास एवं अन्य वैकल्पिक फसलों के रकबे में वृद्धि के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशन में खरीफ सीजन के दौरान किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित करते हुए इसे जन-अभियान का स्वरूप दिया गया है।

जिले में वर्ष 2026-27 के लिए धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों का 15,150 हेक्टेयर रकबा आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 6,139 हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों द्वारा वैकल्पिक फसलों की बुवाई की जा चुकी है, जो लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में सकारात्मक प्रगति को दर्शाता है। विकासखंडवार निर्धारित लक्ष्य के अनुसार महासमुंद में 2,560 हेक्टेयर, बागबाहरा में 3,500 हेक्टेयर, पिथौरा में 2,890 हेक्टेयर, बसना में 2,980 हेक्टेयर तथा सरायपाली में 3,220 हेक्टेयर क्षेत्र में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों का विस्तार किया जाना है।

# बीएससी प्रावीण्य सूची में तीसरे स्थान पर बागबाहरा की रमनप्रीत कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



नगर की होनहार छात्रा रमनप्रीत कौर ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की बीएससी भाग-3 वार्षिक परीक्षा की प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कुल 1440 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय की टॉप-3 मेरिट सूची में जगह बनाई है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, महाविद्यालय और पूरे नगर में खुशी का माहौल है।

रमनप्रीत शासकीय केएल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की छात्रा रही हैं। गणित विषय पर उनकी मजबूत पकड़ है। मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। रमनप्रीत एक साधारण परिवार से आती हैं। उनके दादा कुलदीप सिंह छाबड़ा तथा पिता अमरीश सिंह छाबड़ा बागबाहरा में साइकिल की दुकान संचालित करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने उनकी शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। वर्तमान में वह पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से एमएससी की पढ़ाई कर रही हैं। रमनप्रीत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य भविष्य में प्रोफेसर बनकर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना है। रमनप्रीत की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, प्राध्यापकों, सहपाठियों और नगरवासियों ने हर्ष जताया है। उनकी सफलता क्षेत्र की छात्राओं के लिए प्रेरणा बनकर सामने आई है।

## भाजपा नेता अशोक सिन्हा का सम्मान



**बसना।** जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी प्रकाश सिन्हा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं रायपुर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक सिन्हा से सौजन्य भेंटकर उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट किया तथा जन्मदिन की शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।



## सेवानिवृत्त कर्मचारी विष्णु का किया सम्मान

*महासमुंद। स्थानीय वेयरहाउस में लंबे समय तक निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएं देने वाले कर्मचारी विष्णु निषाद के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा डॉ. विमल चोपड़ा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. चोपड़ा ने कहा कि विष्णु निषाद ने वर्षों तक पूरी लगन, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। उनके कार्यों और सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने विष्णु निषाद के स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की शुभकामनाएं देते हुए शॉल एवं फल भेंट कर उनका सम्मान किया और विदाई दी। इस अवसर पर वेयरहाउस के अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने विष्णु निषाद के योगदान की सराहना की।*

# भवन निर्माण अनुमति में मनमानी के विरोध में आज सीएमओ चैंबर में अनशन करेंगे डॉ. चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद महासमुंद में भवन निर्माण अनुमति प्राप्त करने के लिए आम नागरिकों को लगातार अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग सहित सभी आवश्यक विभागों से अनुमति एवं अनापत्ति मिलने के बाद भी नगर पालिका में भवन निर्माण की फाइलों को बिना किसी ठोस कारण के लंबित रखा जा रहा है। इससे आवेदकों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और मानसिक रूप से प्रताड़ित होना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार पीड़ति आवेदक ललित कुमार लहरे को पालिका सीएमओ द्वारा बाजू की जमीन का हवाला देकर अनावश्यक रूप से मार्गदर्शन मांगा जा रहा है, जबकि संबंधित प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि नियमों के अनुरूप सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने के बावजूद फाइल का निराकरण नहीं किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों में नगर पालिका प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी है। पूर्व विधायक महासमुंद एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा डॉ. विमल चोपड़ा ने बताया कि इस विषय को लेकर वे मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) से दो से तीन बार व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर चुके हैं और स्पष्ट रूप से कहा था कि पात्र आवेदकों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन द्वारा लोगों को जबरन कार्यालयों के चक्कर कटवाए जा रहे हैं और उनकी फाइलों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। डॉ. चोपड़ा ने बताया कि इस पूरे मामले की जानकारी उन्होंने कलेक्टर को भी दूरभाष के माध्यम से दी। उन्होंने कहा कि कलेक्टर ने भी इस प्रकार की अनावश्यक देरी और लोगों को परेशान किए जाने को उचित नहीं माना तथा स्पष्ट कहा कि पात्र आवेदकों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं होना चाहिए और नियमानुसार समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। नपा प्रशासन की इसी मनमानी और लालफीताशाही के विरोध में डॉ. चोपड़ा ने घोषणा की है कि यदि पीड़ित आवेदक को न्याय नहीं मिला तो वे 17 जुलाई को सुबह 11 बजे पीड़ित आवेदक के साथ मुख्य नपाधिकारी (सीएमओ) के कक्ष (चैंबर) में बैठकर अनशन करेंगे।

# सफलता की पाठशाला का शुभारंभ, बच्चे करेंगे सामान्य ज्ञान की विशेष तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास एवं सामान्य ज्ञान को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नवाचारी शिक्षक एवं संस्था प्रमुख हेमंत खुटे की पहल पर सफलता की पाठशाला का शुभारंभ किया गया।

इस अभिनव पहल के तहत प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से 10 बजे तक विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षा का संचालन किया जाएगा, जिसमें सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाओं, तार्किक क्षमता तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक तैयारी कराई जाएगी। संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने बताया कि बच्चों के ज्ञान और व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखते हुए यह विशेष कक्षा प्रारंभ की गई है,



जिससे वे नियमित अध्ययन के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी माहौल के लिए भी तैयार हो सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का पाक्षिक मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा तथा उनके नाम विद्यालय के लीडरबोर्ड पर प्रदर्शित किए जाएंगे, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सभी विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से दैनिक उपयोग की नोटबुक एवं पेन वितरित किए गए। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों ने इस पहल को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास बताते हुए इसकी सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि यह नवाचार विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

**न्यायालय उप तहसील झलप, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

प्रकरण क्रमांक अ-6 वर्ष 2025-26
ग्राम-नवापारा प.ह.नं. 21, रा.नि.मं. झलप तहसील व जिला महासमुन्द

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी नवापारा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिकागण श्रीमति सुरैया खान पति कुतुबद्दीन, श्रीमति सोफिया खान पति जफर उल्ला खान निवासी रायपुर तहसील व जिला रायपुर, मुमताज बेगम पिता हबीब खान निवासी धरमजयगढ़ ओडिसा के द्वारा ग्राम नवापारा, प.ह.नं. 21 स्थित खाता क्रमांक 134 में दर्ज भूमि ख.नं. 377, 400/1, 412, 414, 443, 444, 445, 1188, 1189, 1191, 1193, 1233, 1095, 1267 कुल रकबा 2.70 हेक्ट. भूमि मोहम्मद हबीब खान पिता मोहम्मद हसरत खान के नाम पर दर्ज है, खातेदार मोहम्मद हबीब खान पिता मोहम्मद हसरत खान द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा (अंतिम इच्छा पत्र) दिनांक 12.07.2019 को वसीयतग्रहिता सेरैया बेगम, मुमताज बेगम, सोफिया बेगम पिसरान मो. हबीब खान के नाम पर निष्पादित किया गया। वसीयतकर्ता मो. हबीब खान का मृत्यु दिनांक 12.07.2020 को होने के कारण उक्त भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदिकागण के नाम पर दर्ज करने हेतु वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड प्रति, वकालतनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर दावा हो तो वह पेशी दिनांक 23/07/2026 को कार्यालयीन समय तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के पद मुहर से जारी।

मुहर

**नायब तहसीलदार,**
**उप तहसील झलप**

# जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर 23 एवं 24 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर द्वारा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी) के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत 23 एवं 24 जुलाई को वितरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में पूर्व में आयोजित मूल्यांकन शिविरों में चिन्हांकित दिव्यांग हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने बताया कि जिले में प्रथम चरण के तहत सभी विकासखंडों में दिव्यांगजनों के लिए मूल्यांकन शिविर आयोजित किए गए थे। इनमें चिन्हांकित पात्र हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरित करने के लिए दोनों दिनों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगाए जाएंगे। गुरुवार 23 जुलाई 2026 को डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन, खैरा (महासमुंद) में आयोजित शिविर में महासमुंद एवं बागबाहरा विकासखंड के हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। वहीं शुक्रवार 24 जुलाई 2026 को मांगलिक भवन, बसना में आयोजित शिविर में पिथौरा, बसना एवं सरायपाली विकासखंड के चिन्हांकित हितग्राही लाभान्वित होंगे। समाज कल्याण विभाग ने सभी पात्र हितग्राहियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविर स्थल में उपस्थित होने की अपील की है। सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए हितग्राहियों को उपकरण चिन्हांकन पावती, आधार कार्ड तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। शिविर के सफल संचालन के लिए संबंधित विभागों एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा चिन्हांकित हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# पशुओं एवं गौशाला के उचित रख-रखाव के लिए दिए सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने बागबाहरा अंतर्गत संचालित गौशाला का किया निरीक्षण

विकासखण्ड बागबाहरा के अंतर्गत उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू द्वारा बुधवार को विद्यादेवी गौशाला एवं टेमरी गौशाला का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उप संचालक द्वारा वर्षा ऋतु में पशुओं के उचित रख-रखाव एवं गौशाला परिसर को सूखा रखने, पशुओं को गिले एवं पानी भरे गड्ढों से बचाने के लिए आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश गौशाला संचालक को दिया गया।

इस दौरान विद्यादेवी गौशाला अध्यक्ष गणेश अग्रवाल ने बताया कि गौशाला में वर्तमान में 345 गौवंशीय पशु रखे गए है। सभी पशुओं में संक्रामक बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण किया जा चुका है। गौशाला में 07 शेड निर्मित है। जिसमें पशुओं को रखा जा रहा है। गौशाला में आने वाले 02 माह के चारा एवं दाने का भंडारण किया गया है। इसी तरह ग्राम टेमरी के हर्ष सेवा समिति द्वारा संचालित गौशाला संचालक गुरबक्श सिंह गांधी ने बताया कि गौशाला में 03 शेड निर्मित है, जिसकी क्षमता 300 पशु रखने की है, वर्तमान में गौशाला में 250 गौवंशीय पशु रखे गए है। सभी पशुओं में संक्रामक रोग से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया जा चुका है। गौशाला में 02 एकड में बारहमासी घास बरसीम लगाया गया है एवं 02 एकड़ नए जमीन तैयार कर नेपियर प्लांटटेशन किया गया है। उप संचालक डॉ. नायडू द्वारा टेमरी गौशाला को भविष्य में प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु गौशाला संचालक से चर्चा की गई। जिले के पशुपालकों को चारा विकास कार्यक्रम से जोड़ने हेतु गौशाला का भ्रमण कराया जाकर चारा संरक्षण हेतु साईलेज बनाने की विधि का प्रशिक्षण देने एवं पशुओं को हरा चारा खिलाने से होने वाले लाभ से अवगत कराया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### खरोरा में धूमधाम से निकाली गई रथयात्रा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। भगवान जगन्नाथ की रथ दोपहर 3 बजे गाजे-बाजे के साथ गांव में निकाली गई। गांव में भ्रमण के दौरान दर्शन करने भक्तों की भारी संख्या में भीड़ लगी रही। महिलाओं ने गली में रथ के गुजरने के दौरान भगवान जगन्नाथ की आरती कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान महिलाओं ने रथ यात्रा स्वागत के लिए घर के बाहर दरवाजे में रथयात्रा गाव के चौक से गुड़ी चौक भाटापारा खल्लारी से होते हुए गुरुवार को रात 8 बजे रथ को विश्राम गृह के लिए ग्राम के भक्त के निवास में रखा गया। प्रसाद लेने भक्तों की भीड़ जुटी रही। भक्त परंपरागत रुप से रुमाल देकर प्रसाद पाया। वही भक्ति गीतों पर युवाओं के साथ महिलाएं व बच्चे उत्सव मनाते नजर आए। जगन्नाथ, उनकी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलराम के रथ खींच कर भक्त पुण्य के भागीदार बने। हरे कृष्णा, हरे रामा जय जय राम के जयकारे से गली गूंजता रहा।

### गंगा आरती समिति की बैठक 19 को

**महासमुंद।** श्वेत गंगा आरती एवं बोल बम सेवा समिति बम्हनी की आवश्यक बैठक 19 जुलाई रविवार को अपरान्ह 3 बजे बम्हनेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण बम्हनी में रखी गई है। जिसमें सावन माह में प्रतिदिन होने वाली गंगा आरती व कांवरियों की सेवा के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। समिति के रामेश्वर पांडेय, खिलावन यादव ने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

## प्रभु जगन्नाथ की पूजा-अर्चना



**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बागबाहरा में भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

# प्रभु जगन्नाथ की पूजा कर नपाध्यक्ष ने की नगरवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्रीराम जानकी मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भैया बलभद्र की भव्य रथयात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। रथयात्रा का स्वागत नेहरू चौक के पास नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर नगर एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि तथा अच्छी वर्षा के लिए भगवान से प्रार्थना की। स्वागत के दौरान भक्तों ने पुष्प वर्षा कर और जयकारों के साथ प्रभु का अभिनंदन किया। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया था। इस अवसर पर पार्षद जय देवांगन, गुलशन साहू, जितेंद्र ध्रुव, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज



चंद्राकर, पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर एवं रत्नेश साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि ऐसी धार्मिक परंपराएं समाज में आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी से त्योहार को शांति और सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील भी की।



## संस्कार पब्लिक में श्रद्धा और उत्साह से मनाया जगन्नाथ रथयात्रा का पर्व

**महासमुंद।** संस्कार पब्लिक स्कूल के प्रांगण में जगन्नाथ रथ यात्रा का पावन पर्व अत्यंत रचनात्मक और श्रद्धापूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या गुरप्रीत कौर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें इस आयोजन के लिए अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय के प्री-प्राइमरी के नन्हें-मुन्नों ने विशेष उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने बड़े ही रचनात्मक रूप से रथ यात्रा का आयोजन किया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय हो गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना था। सभी छात्र-छात्राओं ने प्रभु जगन्नाथ के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम ने बच्चों के मन में धर्म और आस्था के प्रति गहरे संस्कार उत्पन्न किए।




## शहर के 250 व्यापारियों को चिल्हर वितरण

**महासमुंद।** रथयात्रा के अवसर पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में व्यापारियों को सिक्का वितरण किया गया। बीते कुछ महीने से चिल्हर किल्लत के कारण व्यापारियों को काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं। लगातार शिकायतों के चलते चैंबर ने संज्ञान लिया और भारतीय स्टेट बैंक से इस विषय को लेकर चर्चा करतेह ए सिक्का वितरण की तैयारी की गई। सिक्का वितरण के दौरान तकरीबन 250 व्यापारियों को इसका लाभ मिला। इस दौरान स्टेट बैंक मैनेजर प्रवीण गोलछा, आलोक शर्मा एवं शशांक, विशेष सहयोग मनोजकांत साहू, चैंबर टीम शहर अध्यक्ष अभिषेक बाफना, प्रदेश मंत्री बसंत लूनिया, मेहूल सूचक, संरक्षक रितेश गोलछा, राकेश झाबक, उपाध्यक्ष ताराचंद चांडक, दिलीप कृष्णानी, कोषाध्यक्ष-रवि राठी, सचिव मोहित इसरानी, सहसचिव धीरज चोपड़ा उपस्थित रहे।

# नपा में कर भुगतान केंद्र का शुभारंभ, नागरिकों को मिलेगी बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिसर में अब सभी प्रकार के करों का भुगतान एक ही स्थान पर किया जा सकेगा। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की विशेष पहल पर पालिका परिसर में नवीन कर भुगतान केंद्र कक्ष बनाया गया है। इस केंद्र का शुभारंभ गुरुवार को नपाध्यक्ष साहू, नपा सभापतियों, पार्षदों एवं पालिका के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में महिला पार्षदों ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि हमारा उद्देश्य नागरिकों को सरल, पारदर्शी और समय बचाने वाली सेवाएं देना है। अब तक नागरिकों को मकान



कर, जल कर और अन्य करों के लिए अलग-अलग काउंटरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। नवीन कर भुगतान केंद्र के शुरू होने से अब सभी कर एक ही स्थान पर जमा किए जा सकेंगे। इससे न केवल नागरिकों का समय बचेगा बल्कि राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया भी तेज होगी। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि आपका कर आपके शहर के विकास की मजबूत नींव है। सड़क, नाली, पेयजल, सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए समय पर कर जमा करना हम सभी का दायित्व है। आइए, समय पर कर जमा करें और महासमुंद के विकास में अपनी सहभागिता निभाएं। नगर पालिका भी यह सुनिश्चित करेगी कि आपके द्वारा दिए गए प्रत्येक



रुपए का सदुपयोग शहर के विकास कार्यों में हो। इस दौरान नपाध्यक्ष साहू एवं पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा ने ऑनलाइन माध्यम से अपना कर भुगतान कर नागरिकों को डिजिटल भुगतान के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, जय देवांगन, ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षदगण शुभ्रा मनीष शर्मा, भारती राजेंद्र चंद्राकर, माधुरी यदु, नीरज चंद्राकर, मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, धनेंद्र चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, राहुल आवड़े, धनेश्वरी सोनवानी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा, ईई एसडी शर्मा, उपअभियंता हेमंत पिसदा, जल विभाग से दुर्गेश कुंजेकर, वाहन विभाग से सुरेश तिवारी सहित नपा के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

